गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2020 26.11.2020

1. लिस्टिंग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051 स्क्रिप कोड: गेल-ईक्यू	2. लिस्टिंग अनुपालन बीएसई लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई- 400001 **स्क्रिप कोड: 532155**

विषय : <u>निदेशन में परिवर्तन: निदेशक (व्यापार विकास) की नियुक्ति</u>

प्रिय महोदय/महोदया,

यह श्री एम वी अय्यर की निदेशक (व्यापार विकास) के रूप में नियुक्ति के संबंध में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पत्र सं.सीए-31022/1/2018-पीएनजी (33353) दिनांक 25.11.2020 के संदर्भ में है। निदेशक मंडल ने दिनांक 25.11.2020 को हुई बैठक में दिनांक 25.11.2020 की प्रभावी तारीख से कंपनी के अतिरिक्त निदेशक के रूप में श्री एम वी अय्यर (डीआईएन 08198178) को निदेशक (व्यापार विकास) के पद पर नियुक्ती को अनुमोदित कर दिया है ।

श्री एम वी अय्यर से संबंधित सूचना इस प्रकार है:

1. **संक्षिप्त प्रोफाइल**

श्री एम वी अय्यर, भोपाल के MANIT से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ग्रेजुएट हैं और 1986 में स्नातक की है । आपका गेल में 16 राज्यों, 150 जिलों और छह शहरों में व्याप्त शहर गैस वितरण (CGD) परियोजनाओं में रुपये 25,000 करोड़ की मौजूदा परियोजनाओं सहित रू.40,000 करोड़ राशि की परियोजना क्रियान्वयन में 33 वर्षों का समृद्ध और विविध अनुभव है । लक्ष्य-उन्मुख पेशेवर के रूप में, आपने परियोजना, संचालन और रखरखाव भूमिकाओं में निरंतर परिणाम दिए हैं ।

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

आप विभिन्न दीर्घकालिक और अल्पकालिक रणनीतियों के कार्यान्वयन के लिए गेल की मुख्य टीम का हिस्सा रहे हैं। श्री अय्यर नॉर्थ ईस्ट गैस ग्रिड के कार्यान्वयन के लिए गेल की नई संयुक्त उद्यम कंपनी इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (IGGL) में निदेशक भी हैं । आप व्यावसायिक क्षेत्रों के अतिरिक्त कई परियोजनाओं जैसे कि दाभोल एलएनजी टर्मिनल की शुरूआत और 100 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना, 5 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना और सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना के वर्तमान थ्रस्ट क्षेत्रों में लभगभ एक वर्ष की अवधि तक जुड़े रहे हैं ।

2. **निदेशकों के मध्य संबंधों का प्रकटीकरण**

श्री एम वी अय्यर का कंपनी के अन्य निदेशक(कों) के साथ आपस में कोई संबंध नहीं है ।

3. इसके अतिरिक्त दिनांक 14.06.2018 के सेबी के अनुदेशों के संबंध में पुष्टि की जाती है कि श्री एम वी अय्यर सेबी के किसी भी आदेश या किसी अन्य प्राधिकरण के आधार पर निदेशक का पद संभालने से विवर्जित नहीं हैं ।

यह सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के अनुपालन में है ।

यह आपके सूचनार्थ एवं रिकार्ड हेतु है ।

धन्यवाद,
भवदीय,

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
   मुम्बई-400051

   ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

2. लंदन स्टॉक एक्सचेंज
   रेगुलेटरी न्यूज सर्विस डिपार्टमेंट (आरएनएस)
   10, पेटरनोस्टर स्क्वेयर
   लंदन EC4M 7LS

   एवीएस न. - 800536